पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान (कोड सं. 079)

2017-18

जैसा कि 'राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा' (NCF) 2005 में निर्देशित किया गया है, "यह जरुरी है कि भविष्य में योजनाएँ बनाते समय पुस्तकालय को स्कूल के हर स्तर के लिए एक आवश्यक घटक के रूप में देखा जाए। शिक्षकों एवं विद्यार्थियों दोनों को ही इस बात के लिए प्रोत्साहित और प्रशिक्षित करने की जरुरत है कि वह पुस्तकालय को अधिगम, आनंद एवं तन्मयता के साधन के रूप में इस्तेमाल करें।"

वरिष्ठ माध्यमिक स्तर पर पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान पाठ्यक्रम विद्यार्थियों में कुशलतापूर्वक अपेक्षित सूचनाओं की पहचान, स्थापन, मूल्यांकन और प्रयोग करने तथा आवश्यक कौशलों को विकसित करने की आवश्यकता को पूरा करेगा। इस पाठ्यक्रम के महत्त्वपूर्ण पहलुओं में से एक है विद्यालय स्तर पर पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान के लिए शिक्षा प्रणाली को सुधारना, जो पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान में डिप्लोमाधारक के समकक्ष हो सके।

उद्देश्य :

इस पाठ्यक्रम का उद्देश्य वरिष्ठ माध्यमिक स्तर पर विद्यार्थियों में निम्नलिखित विकास करना है :

- पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान के सिद्धांत एवं अभ्यास की बुनियादी समझ;
- भविष्य में उच्चतर शिक्षा हेतु इस विषय का अध्ययन जारी रखने के लिए ज्ञान एवं कौशल; तथा
- एक पुस्तकालय में अर्ध पेशेवर के रूप में कार्य करने के लिए बुनियादी कौशल जो पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विषय में डिप्लोमा पाठ्यक्रम के समकक्ष हो सके;

कक्षा - XII

मॉड्यूल - 1 : पुस्तकालय प्रबंधन **(अंक 20 / कालांश 40)**

उद्देश्य : इसका उद्देश्य पुस्तकालय प्रबंधन तथा उसकी गतिविधियों की समझ प्रदान करना है। यह मॉड्यूल निम्नलिखित इकाईयों में विभाजित है :

इकाई - 1 अ : दस्तावेज संग्रहण का विकास एवं उसका प्रबंधन

चयन, दस्तावेजों का संगठन, भंडार-रखरखाव, भंडार-सत्यापन

इकाई - 1 ब : मानव-संसाधन प्रबंधन

कर्मचारी संरचना, संवर्गीकरण

इकाई - 2 : पुस्तकालय के विभिन्न अनुभागों के कार्य

अधिग्रहण, तकनीकी प्रक्रमण, (वर्गीकरण, प्रसूचीकरण), परिचालन, आवधिक पत्रिकाएँ, जिल्दसाज़ी तथा परिरक्षण

मॉड्युल - 2 : पुस्तकालय संसाधनों का संगठन : उन्नत **(अंक 25 / कालांश 50)**

उद्देश्य : इसका उद्देश्य वर्गीकरण एवं प्रसूचीकरण पद्धति की समझ प्रदान करना है। यह मॉड्यूल निम्नलिखित इकाईयों में विभाजित है :

इकाई - 1 : पुस्तकालय वर्गीकरण

मुख्य वर्ग और उनके उप विभाग; व्यक्तित्व, पदार्थ, ऊर्जा, स्थान और समय की अवधारणा; डेवी दशमलव वर्गीकरण हेतु सोपान; पुस्तक संख्या, कॉल संख्या

इकाई - 2 : पुस्तकालय प्रसूचीकरण

प्रसूचीकरण पद्धति के अनुसार एंग्लो-अमेरिकन प्रसूचीकरण नियम और मशीन पठनीय प्रसूची 21 (MARC 21)

इकाई - 3 : दस्तावेजों का तकनीकी प्रक्रमण

परिग्रहण, मुद्रांकन, अभिलेखों का रखरखाव

मॉड्यूल - 3 : पुस्तकालय एवं सूचना सेवा **(अंक 20 / कालांश 45)**

उद्देश्य : इसका उद्देश्य पुस्तकालय एवं सूचना सेवाओं के महत्त्व और आवश्यकताओँ का बोध कराना है। यह मॉड्यूल निम्नलिखित इकाईयों में विभाजित है :

इकाई - 1 : पुस्तकालय एवं सूचना सेवाएँ : समीक्षा

अनिवार्य पुस्तकालय सेवाएँ; त्वरित संदर्भ सेवाएँ; दीर्घकालीन संदर्भ सेवाएँ; माँग अनुसार; प्रत्याशा।

इकाई - 2 : पुस्तकालय एवं सूचना सेवाएँ : सूचना एवं संचार तकनीकी का अनुप्रयोग

उभरती प्रवृत्तियाँ

मॉड्यूल - 4 : पुस्तकालय में कम्प्यूटर का अनुप्रयोग : उन्नत **(अंक 15 / कालांश 35)**

उद्देश्य : इसका उद्देश्य पुस्तकालय के भीतर सेवापूर्ति कार्य के प्रक्रमण हेतु समझ प्रदान करना है। यह मॉड्यूल निम्नलिखित इकाईयों में विभाजित है :

इकाई - 1 : पुस्तकालय में कंप्यूटर का उपयोग

सेवापूर्ति कार्य एवं सेवाओं में विभिन्न पुस्तकालय सॉफ्टवेयर का अध्ययन, मुक्त सॉफ्टवेयर का उपयोग

इकाई - 2 : वेब-आधारित संचार प्रणाली का प्रयोग

इंटरनेट, इंट्रानेट, सर्च इंजन, ई-मेल, डेटाबेस

कक्षा - XII के लिए प्रायोगिक कार्य **(अंक 20 / कालांश 30)**

कक्षा - XII के प्रायोगिक कार्य में निम्नलिखित सम्मिलित हैं :

- पुस्तकालय वर्गीकरण (अभ्यास)
- पुस्तकालय प्रसूचीकरण (अभ्यास)
- पुस्तकालय में कंप्यूटर का अनुप्रयोग

नोट : उपर्युक्त सभी क्षेत्रों में विद्यार्थियों को आधारभूत अभ्यास के लिए प्रदर्शन का अवसर मिलना चाहिए।

वर्गीकरण में अभ्यास कार्य हेतु DDC के अनुसार विषयों के वर्गीकरण में मुख्य वर्ग और उसके उपवर्गों को सम्मिलित करना चाहिए, AACR(2) के अनुसार साधारण पुस्तकों की मुख्य प्रविष्टियाँ और बाद में जोड़ी गई प्रविष्टियाँ प्रसूचीकरण में होनी चाहिए।

पुस्तकालय में कंप्यूटर के अनुप्रयोग से जुड़े प्रायोगिक कार्य हेतु किसी पुस्तकालय ऑटोमेशन सॉफ़्टवेयर को चलाने तथा ई-मेल जैसे विभिन्न सेवाओं हेतु कंप्यूटर का उपयोग एवं खोज के लिए सामान्य जिज्ञासा के नियमन को सम्मिलित करना चाहिए।

मूल्यांकन योजना

परीक्षा	**प्रश्नपत्र**	**अंक**	**समयावधि**
सिद्धांत	1	80	3 घंटे
प्रायोगिक	1	20	1 घंटा

शिक्षकों के लिए न्यूनतम योग्यता

मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान (M.L.I.Sc.) में स्नातकोत्तर उपाधि।

पुस्तकालय और सूचना विज्ञान (कोड सं. 079)

प्रश्नपत्र का प्रारूप

कक्षा - XII (2017-18)

समयावधि : 3 घंटे **अधिकतम अंक : 80**

क्र. सं.	प्रश्नों के प्रकार	अतिलघु उत्तरीय प्रश्न (VSA)	लघु उत्तरीय प्रश्न (SA)	दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (LA)	अंक योग	अधिमान %
		1 अंक	3 अंक	6 अंक		
1.	**स्मरण** (ज्ञान आधारित सरल स्मरण वाले प्रश्न, विशिष्ट तथ्यों, पदों, अवधारणाओं, सिद्धांतों या नियमों को जानना, सूचनाओं को पहचानना, परिभाषित करना या व्याख्या करना)	4	2	1	16	20%
2.	**समझ** (बोध- अर्थों से परिचित होना तथा अवधारणाओं को समझना, सूचनाओं की व्याख्या, तुलना, विषमता देखना, वर्णन, संक्षिप्त व्याख्या करना)	4	2	1	16	20%
3.	**अनुप्रयोग** (ठोस परिस्थिति में अमूर्त सूचनाओं का उपयोग करना, नई परिस्थिति में ज्ञान का उपयोग करना, किसी परिस्थिति की व्याख्या के लिए दी गई सामग्री का उपयोग करना, उदाहरण देना या समस्या का समाधान करना)	2	2	2	20	25%
4.	**उच्च स्तरीय चिंतन कौशल** (विश्लेषण एवं संश्लेषण - वर्गीकृत करना, तुलना करना, विषमता बताना, या विविध सूचनाओं के अंशों के बीच भेद करना, व्यवस्थिति करना तथा / या विविध स्रोतों से किसी विशिष्ट सूचना के अंशों को समेकित करना)	1	3	1	16	20%
5.	**मूल्यांकन** (आकना, निर्णय करना और या निर्णय या परिणामों के महत्त्व या मूल्यों का औचित्य सिद्ध करना या मूल्यों पर आधारित परिणामों की भविष्यवाणी करना)	-	2	1	12	15%
	योग	**1x11=11**	**3x11=33**	**6x6=36**	**80(28)**	**100%**